Class Notes	
Class: सातवीं	**Topic:** रहीम के दोहे (वसंत) काल (व्याकरण)
Subject: हिंदी	

हिंदी वसंत की उत्तर पुस्तिका में लिखिए|

प्रश्न1 - रहीम ने क्वार के मास में गरजने वाले बादलों की तुलना ऐसे निर्धन व्यक्तियों से क्यों की है, जो पहले कभी धनी थे और बीती बातों को बता कर दूसरों को प्रभावित करना चाहते हैं? दोहे के आधार पर आप सावन के बरसने और गरजने वाले बादलों के विषय में क्या कहना चाहेंगे?

उत्तर- रहीम ने क्वार मास में गरजने वाले बादलों की तुलना उन लोगों से की है जो गरीब होकर भी पिछली बातें करके लोगों को प्रभावित करना चाहते हैं, क्योंकि क्वार के बादल जल विहीन होते हैं| वह गरज सकते हैं, पर सावन-भादों के बादलों जैसे बरस नहीं सकते हैं| इस प्रकार सावन के बादल बरसने वाले तथा क्वार के बादल खाली होते हैं|

प्रश्न2 सच्चे मित्र की पहचान कब होती है?

उत्तर- सच्चे मित्र की पहचान उस समय होती है, जब व्यक्ति पर संकट आता है, जो लोग इस संकट में साथ निभाते हैं, वही सच्चे मित्र होते हैं|

प्रश्न3 वृक्ष और तालाब अपने कार्य-व्यवहार से क्या सीख देते हैं?

उत्तर- वृक्ष और तालाब अपनी संपत्ति क्रमशः फल और जल के रूप में दूसरों की भलाई के लिए लुटा देते हैं| उनके इस कार्य-व्यवहार से हमें परोपकार करने की सीख मिलती है|

प्रश्न4 धरती हमें क्या प्रेरणा देती है?

उत्तर- धरती हमें सुख-दुख समान भाव से ग्रहण करने की प्रेरणा देती है| सुख पाकर न हमें बहुत खुश होना चाहिए और न दुख से बहुत उदास होना चाहिए |

प्रश्न5 रहीम ने कैसे मित्रों से सावधान रहने के लिए कहा है?

उत्तर- कवि रहीम ने उन मित्रों से सावधान रहने के लिए कहा है, जो धन-संपत्ति की आशा और लालसा में हमारे मित्र बन जाते हैं| ऐसे मित्र अपना स्वार्थ पूरा होते ही साथ छोड़ देते हैं| इन्हें मित्र नहीं बनाना चाहिए, जो लोग मुसीबत के समय साथ देते हैं, उन्हीं लोगों को अपना मित्र बनाना चाहिए|

मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न कवि रहीम के दोहों से मिलने वाली शिक्षाओं का उल्लेख कीजिए|

उत्तर - कवि रहीम ने अपने हर दोहे के माध्यम से समाज के नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली तथा जीवनोपयोगी शिक्षा दी है| इन दोहों से हमें अनेक शिक्षाएँ मिलती हैं; जैसे-जीवन की वास्तविकता से परिचय करके ऐसे लोगों को मित्र बनाना चाहिए, जो सुख के अलावा दुख में भी हमारा साथ दें| मनुष्य को जल की तरह नहीं बल्कि मछली की तरह एकनिष्ठ प्रेम करना चाहिए| हमें यथाशक्ति दूसरों की भलाई करनी चाहिए तथा हमें वर्तमान की वास्तविकता को स्वीकारते हुए सहनशील बनना चाहिए|

बहुविकल्पीय प्रश्न (केवल पढ़ने के लिए)

प्रश्न1. सच्चे मित्र की परख कब होती है?

एक मुलाकात में

सुखमय समय में

किसी समारोह में

मुसीबत भरे दिनों में

प्रश्न 2. स्वार्थी मित्र हमारा साथ कब तक देते हैं?

जब तक हमारा स्वभाव अच्छा होता है|

जब तक हमारे शरीर में बल होता है|

जब तक हमारे पास धन होता है|

जब तक हमारे पास रीत होती है|

प्रश्न 3. जाल किसका प्रतीक है?

सु:खद समय का

दु:खद समय का

सुखी व्यक्ति का

सच्चा प्रेम करने वाले का

प्रश्न4. पानी के साथ छोड़ देने पर भी मछलियाँ ....|

पानी का मोह नहीं छोड़ पाती हैं|

प्राण त्याग नहीं पाती हैं|

पानी को रोक नहीं पाती हैं|

पानी के साथ जा नहीं पाती हैं|

प्रश्न5. पेड़ फल क्यों धारण करते हैं?

सुंदरता के लिए

वजन बढ़ाने के लिए

पक्षियों को बचाने के लिए

परोपकार करने की के लिए

प्रश्न6. तालाब अपने पानी का प्रयोग करते हैं.............................. |

कमल को विकसित करने के लिए

बाढ़ लाने के लिए

दूसरों की भलाई के लिए

स्वयं पीने के लिए

प्रश्न 7. क्वार के बादलों की यह कमी होती है कि वे ....|

बरसते हैं, गरजते नहीं

गरजते हैं, बरसते नहीं

गरजते और बरसते हैं

गरजते, बरसते और ओले भी गिराते हैं|

प्रश्न 8.दिखावा करने की प्रबल भावना किनमें पाई जाती है?

पढ़े-लिखे लोगों में

गरीब लोगों में

अमीर लोगों में

क्वार के बादलों में

काल

हिंदी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखिए |

आओ करें

ज़रा बताइए तो

प्र. काल किसे कहते हैं?

उत्तर - क्रिया के जिस रूप से कार्य के करने या होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं|

बच्चे पढ़ रहे हैं| चलते हुए समय में होने का बोध

बच्चे पढ़ रहे थे| बीते हुए समय में होने का बोध

बच्चे पढ़ेंगे| आने वाले समय में होने का बोध

प्र. वर्तमान काल के नाम बताइए|

उत्तर - वर्तमान काल के तीन भेद हैं-

सामान्य वर्तमान काल, अपूर्ण वर्तमान काल, संदिग्ध वर्तमान काल

प्र. - 'समारोह में मैं भी कविता सुनाऊँगा '- वाक्य का काल बताइए|

उत्तर - भविष्यत् काल

आइए अब लिखें

प्र.1 निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के आधार पर उनके काल और भेद निश्चित कीजिए -

	काल	भेद
क) बच्चों ने पाठ पढ़ लिया|	भूतकाल	सामान्य भूतकाल
ख) यात्रियों के आने से पहले ही बस चलने लगी|	भूतकाल	आसन्न भूतकाल
ग) बारिश में मोर नाचते हैं|	वर्तमान काल	सामान्य वर्तमान काल
घ) कल विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा|	भविष्यत्	सामान्य भविष्यत् काल

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों का निर्दिष्ट काल के अनुसार उचित मिलान कीजिए-

क) पुजारी पूजा करता है|	सामान्य वर्तमान काल
ख) सचिन गीत गाएगा|	सामान्य भविष्यत् काल
ग) शायद कल मैं आगरा जाऊँगा|	संभाव्य भविष्यत् काल
घ) चित्रा ने कविता सुनाई|	सामान्य भूतकाल
ङ) मैंने गृह कार्य किया था|	पूर्ण भूतकाल
च) लक्ष्य पढ़ता होगा|	संदिग्ध वर्तमान काल
छ) बच्चे स्कूल जाते हैं|	सामान्य वर्तमान काल
ज) माली पौधे सींच रहा था|	अपूर्ण भूतकाल

प्र.3 निम्नलिखित भूतकाल के वाक्यों को भविष्यत् काल के वाक्यों में बदलकर उन्हें लिखिए -

क) दादी माँ नेहा की चाची को समझा रही थी|

उत्तर- दादी माँ नेहा की चाची को समझाएँगी|

ख) क्वार के दिन लेखक को विशेष प्रिय लगते थे|

उत्तर- क्वार के दिन लेखक को विशेष प्रिय लगेंगे|

ग) खिलौनेवाला अपनी चीजें सस्ते में दे जाता था|

उत्तर-खिलौनेवाला अपनी चीजें सस्ते में दे जाएगा|

घ) मेरे पास एक फोर्ड आईकॉन थी जो मैंने सन 2000 में खरीदी थी|

उत्तर- मेरे पास एक फोर्ड आईकॉन होगी, जिसे मैं सन 2022 में खरीदूँगा|

ङ) वह नीम के पेड़ों की घनी छाँव से होता हुआ सियार की कहानी का मज़ा लेता आ रहा था|

उत्तर- वह नीम के पेड़ों की घनी छाँव से होता हुआ सियार की कहानी का मज़ा लेते आएगा|

प्रश्न 4 एवं 5 को छात्र अपनी व्याकरण की पुस्तक में स्वयं पूर्ण करें|

बहुविकल्पी प्रश्न (केवल अभ्यास के लिए)

प्रश्न1 क्रिया का वह रूप जिससे उसके इसी समय में होने का पता चले, उसे कहते हैं?
भूतकाल
वर्तमान काल
भविष्यत् काल
इनमें से कोई नहीं

प्रश्न2 भूतकाल उस काल को कहते हैं, जिसमें-
क्रिया के बीते हुए समय में होने का पता चले
क्रिया के इसी समय में होने का पता चले
क्रिया के आने वाले समय में होने का पता चले
उपर्युक्त सभी

प्रश्न3 जब कोई क्रिया हो चुकी हो तो कहलाता है-
वर्तमान काल
भूतकाल
भविष्यत् काल
इनमें से कोई नहीं

प्रश्न4 वर्तमान काल उस काल को कहते हैं-
कार्य चल रहा होता है|
कार्य हो चुका होता है|
कार्य होने की संभावना होती है|
कार्य होना होता है|

प्रश्न5 इनमें से संदिग्ध वर्तमान काल का उदाहरण है-
नेहा पढ़ रही होगी|
नेहा खेल रही है|
नेहा नहीं आई |
नेहा पढ़ती है|

प्रश्न6 इनमें आसन्न भूतकाल का उदाहरण है-
अंशु ने खाना खाया|
नेहा अभी-अभी गई है|
कोमल खाना खा चुकी है|
दिव्या नाच रही है|

प्रश्न7 'शायद वह पास हो जाए' वाक्य किस काल का उदाहरण है-
भूतकाल
सामान्य भविष्यत् काल
वर्तमान काल
संभाव्य भविष्यत् काल

प्रश्न8 सामान्य भूतकाल का उदाहरण है-
नीरजा ने कविता सुनाई |
राजा आदेश देगा||
राजा आदेश दे रहा है|
उपर्युक्त सभी

प्रश्न9 'बच्चे पार्क में खेलते हैं' यह वाक्य किस काल का उदाहरण है-
सामान्य वर्तमान काल
पूर्ण वर्तमान काल
संदिग्ध वर्तमान काल
सामान्य भूतकाल

प्रश्न 10 संभाव्य भविष्यत् काल का उदाहरण है-
मिताली कोलकाता जाएगी|
चैताली नींबू पानी बनाकर पिलाएगी|
शायद हम दार्जिलिंग घूमने जाएँ|
उपर्युक्त सभी

ज्ञातव्य उपर्युक्त लेखन सामग्री घर पर तैयार की गई है |